# अमर उजाला

बरेली
शुक्रवार, 20 जून 2025
आषाढ़ कृष्ण-नवमी
विक्रम संवत-2082

PAGE NO : 07 MIDDLE

## एआई के बारे में बताया, विद्यार्थियों ने पूछे सवाल



बरेली। श्रीराम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के ट्रेनिंग, डेवलपमेंट एंड प्लेसमेंट विभाग की ओर से बृहस्पतिवार को एलुमनाई व्याख्यान का आयोजन किया गया। कॉलेज के 2002-05 बैच एमसीए के पूर्व छात्र दीपक गर्ग ने जेनएआई, चैटबॉट और एजेंटिक एआई के बारे में बताया। साथ ही विद्यार्थियों के सवालों के जवाब दिए। कार्यक्रम में बीटेक और एमसीए के विद्यार्थी शामिल हुए। प्रधानाचार्य एसआरएमएस सीईटी डॉ. प्रभाकर गुप्ता और निदेशक ट्रेनिंग, डेवलपमेंट एंड प्लेसमेंट डॉ. अनुज कुमार के साथ डॉ. शोभित कुमार सक्सेना, दीपक बत्रा, शाइस्ता कमर जैदी, सिस्टर मेरी रेजी, राहुल सक्सेना आदि मौजूद रहे। संवाद